# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 68 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 04 मार्च 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


## फ्रंटलाइन खबर

### शुभकामनाएं...

समस्त पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

### अवकाश सूचना

होली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन कार्यालय में 04 व 05 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 07 मार्च को प्रकाशित होगा।

संपादक

### ओवरब्रिज में काम कर रहा मजदूर सीढ़ी से गिरा, हो गई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ओवरब्रिज में काम करते वक्त मजदूर युवक सीढ़ी से गिरकर जख्मी हो गया, मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते वक्त उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक पलामू झारखंड निवासी राकेश सिंह पिता बिगन सिंह 18 वर्ष, 2 मार्च को रायगढ़ जिला के धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कोयलार में ओवर ब्रिज निर्माण में काम करने के लिए गया था। इस दौरान सीढ़ी से अनियंत्रित होकर गिरने से उसे बाएं पैर, जांघ और सिर में गंभीर चोट आई थी। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने उसे धरमजयगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर उपचार के लिए युवक को रेफर कर दिया था। संजीवनी 108 एम्बुलेंस से घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, यहां सोमवार की शाम 5.30 बजे आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर सहित 14 गिरफ्तार

## 1.17 लाख का अंग्रेजी व 12 लीटर महुआ शराब जप्त

**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** जिले में होली से पहले अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को थाना चांदनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 2 मोटरसायकल में 4 व्यक्ति बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब को मध्यप्रदेश से लेकर ठाड़पाथर बिक्री करने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ग्राम बिहारपुर पुरानटोला में घेराबंदी कर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 सीआर 6391 सहित संतकुमार सिंह व मिर्जा प्रसाद काशी ठाड़पाथर थाना चांदनी को पकड़ा। इनके कब्जे से कुल 188 नग अंग्रेजी शराब कीमत 38,488 रुपये का जप्त किया गया।

दूसरे मामले में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 डीजेड 8876 सहित आरोपी रामलगन सिंह व लवकुश पाण्डेय निवासी ग्राम ठाड़पाथर के कब्जे से 188 नग



अंग्रेजी शराब कीमत 27,568 रुपये का जप्त किया गया गया। दोनों ही मामले में अंग्रेजी शराब व परिवहन में 2 मोटरसायकल जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करके चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चांदनी रामप्रताप साहू, एएसआई क्षेत्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र पोर्ते, आरक्षक मंजीत सिंह, मुकेश साहू, आलोक सिंह, रणवीर सिंह, मंगलसाय राजवाड़े व भुवनेश्वर पाटले सक्रिय रहे। इसके पहले



सोमवार को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम जूर, चौकी बसदेई निवासी बिहारीलाल साहू के कब्जे से बिक्री हेतु रखे गए 9 लीटर महुआ शराब को जप्त करके धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में रखा है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य कार्रवाई में ग्राम चोपन निवासी गौरी के कब्जे से 8 नग गोवा अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही। इसी प्रकार थाना सूरजपुर पुलिस ने ग्राम इन्द्रकुमार निवासी सपकरा से 25 नग गोवा, थाना भटगांव द्वारा ग्राम बैजनाथपुर निवासी चमरू राम से 3 लीटर महुआ शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार में मिला सात पेटी शराब

सोमवार की रात्रि में थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा चेक प्वाइंट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी, इसी दौरान सेन्ट्रो कार क्रमांक सीजी 13 सी 1907 पहुंची, जिसमें 2 व्यक्ति कामेश्वर सिंह व दिलबोधन सिंह निवासी ग्राम निम्हा थाना उदयपुर मिले। कार की तलाशी लेने पर उसमें गोवा अंग्रेजी शराब 350 नग 7 पेटी, कीमत 42 हजार रुपये का पाया गया। मामले में अंग्रेजी शराब व परिवहन में प्रयुक्त कार को जप्त करके धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी कामेश्वर सिंह व दिलबोधन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई सुमंत पाण्डेय व टीम सक्रिय रही।

### शराब पीकर उपद्रव करने वाले 4 पकड़ाए

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उपद्रव करने पर थाना चांदनी द्वारा ग्राम नावाटोला निवासी रामप्रकाश विश्वकर्मा, थाना रामानुजनगर द्वारा ग्राम पम्पानगर के अमन सिंह, ग्राम गोरखनाथपुर निवासी विकास सिंह व शिवचरण पोर्ते के विरूद्ध धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## एक ही रात में दो दुकानों से लाखों का सामान पार, सीसीटीव्ही में कैद हुए चोर





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिला के बतौली थाना क्षेत्र के वाटिकापारा में सोमवार को देर रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने योगेश क्लॉथ स्टोर और जय माता दी एग्रो का शटर तोड़कर नकदी सहित लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया।

बतौली नगर के हृदय स्थल में स्थित दुकानों में हुई चोरी की घटना से लोग पशोपेश में हैं। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से लगे जय माता दी एग्रो के संचालक संतोष गुप्ता ने 70 हजार के चोरी की पुष्टि की है। चोर ने दुकान के काउंटर के लॉकर को पेचकस से तोड़कर रकम पार किया है। संतोष गुप्ता दुकान के ऊपरी तल में परिवार सहित रहते हैं, जहां चोरों ने दुकान का शटर को तोड़कर बेखौफ चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने जय माता दी एग्रो के सामने योगेश क्लॉथ से भी पैसा व कपड़ा चोरी किया है, चोरी कितने की हुई है, यह समाचार लिखे जाने तक अस्पष्ट है। घटना से वाटिकापारा सहित पूरे शहर में पुलिसिंग को लोग निशाने पर ले रहे हैं। होलिका दहन के दिन चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती के बीच हुई चोरी की वारदात के बाद व्यापारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

**थाना प्रभारी ने कहा**

थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने कहा कि चोरी का मामला संज्ञान में आने के बाद गंभीरता से जांच की जा रही है। दोनों प्रतिष्ठानों से चोरी गए सामानों की और नकद रकम की पड़ताल की जा रही है। संतोष गुप्ता के यहां 70 हजार रुपये चोरी की बात सामने आई है। चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार नकद और जेवरात चोरी

सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम देवगढ बरपारा में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपये नकद और जेवरातों को पार कर दिया। खेती किसानी का काम करने वाले संजीत एक्का ने पुलिस को बताया है कि 01 मार्च को दिन में 11.30 बजे उसके पिता शिवराम एक्का बकरी चराने गए थे, और वह अपनी पत्नी वंदना एक्का के साथ घर में ताला बंद करके गांव से बड़ा मेहमानी में मानपुर प्रतापपुर गया था। दोपहर 2.30 बजे पड़ोसी दीपक टोप्पो ने फोन करके बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है, और अंदर रखा अलमारी, पेटी खुला हुआ है। घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त है। मानपुर प्रतापपुर से रात करीब 11.30 बजे जब वह अपने घर पहुंचा और सामानों का मिलान किया तो अलमारी में रखा नकद 50 हजार रुपये, चांदी का पायल सहित अन्य आभूषण नहीं था। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, और अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

## ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बाइक सवार की मालवाहक की ठोकर से मौत

### पत्नी और पुत्र का गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा उपचार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सीतापुर थाना क्षेत्र के जामढोढ़ी में सोमवार को मिनी मालवाहक ने मोटरसायकल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक, उसकी पत्नी व पुत्र घायल हो गए। तीनों को सीतापुर अस्पताल से रेफर करने पर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक अपनी पत्नी व पुत्र के साथ ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था।

जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार पिता स्व. उजित कुमार 31 वर्ष कोरबा जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शंकरनगर फाउंड्री एरिया का रहने वाला था। दो मार्च को वह अपने ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पत्नी बसंती व 4 वर्षीय पुत्र के साथ मोटरसायकल से जशपुर जिले के पंडरापाठ चैकी के ग्राम दनगरी जाने के लिए निकला था। रास्ते में सीतापुर थाना क्षेत्र के जामढोढ़ी के पास छोटा हाथी क्रमांक सीजी 14 एवी 2693 से हुई टक्कर में तीनों घायल हो गए थे। डायल 112 की टीम ने इन्हें सीतापुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करने पर पुलिस ने घटना की जानकारी स्वजन को दी। संजीवनी 108 एम्बुलेंस से इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, यहां शाम को लगभग 6.15 बजे प्रमोद की मौत हो गई। घायल पत्नी और पुत्र को भी दुर्घटना में गंभीर चोटें आई हैं, इनका उपचार चल रहा है। घटना से स्वजन में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## ड्रिल मशीन से दीवार तोड़ते वक्त गिरने से घायल हुए मजदूर की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ड्रिल मशीन से दीवार को तोड़ते वक्त राजमिस्त्री का काम करने वाला अधेड़ नीचे गिर गया, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भनौरा का मनोज पासवान पिता स्व. हूबलाल पासवान 50 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। दो मार्च को वह गांव के देव प्रसाद गुप्ता के यहां काम करने गया था और चाल्ही में चढ़कर ड्रिल मशीन से दीवार को तोड़ रहा था। इसी बीच वह अनियंत्रित होकर चाल्ही से नीचे गिर गया, जिसमें उसे सीने में गंभीर चोट आई थी और मुंह से खून निकल रहा था। मकान स्वामी ने अन्य लोगों के सहयोग से घायल राजमिस्त्री को जिला अस्पताल बलरामपुर पहुंचाया, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने रेफर कर दिया था। स्वजन संजीवनी 108 एक्सप्रेस से पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में रात 9.15 बजे जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है, और शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

## सरगुजा में 12 राजस्व निरीक्षकों का तबादला, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला सरगुजा में प्रशासनिक दक्षता एवं राजस्व कार्यों के बेहतर संपादन के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में पदस्थ 12 राजस्व निरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता एवं छत्तीसगढ़ भू-अभिलेख नियमावली के अंतर्गत प्रदत्त प्रावधानों के तहत लोकहित में जारी किया गया है। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। एक दिन पूर्व ही कलेक्टर ने 16 राजस्व निरीक्षकों का तबादला किया था। जारी आदेश के अनुसार जिन राजस्व निरीक्षकों को नवीन पदस्थापना सौंपी गई है, इनमें अखिलेश कुमार सिंह रा.नि.मं. अंबिकापुर-1 से रा.नि.मं. राजापुर (मैनपाट), राजनन्दन राजवाड़े राम रा.नि.मं. अजिरमा से रा.नि.मं. लटोरी (लखनपुर), राजेन्द्र राम रा.नि.मं. गगोली (धौरपुर) से रा.नि.मं. अंबिकापुर-1, धर्मेन्द्र कुमार धर दुबे रा.नि.मं. (केदमा) उदयपुर से तहसील उदयपुर, अफताब अहमद रा.नि.मं. कुन्नी (लखनपुर) से रा.नि.मं. सीतापुर, धर्मजीत मिंज रा.नि.मं. लटोरी (लखनपुर) से रा.नि.मं. राजस्व निरीक्षक वर्कलोड, पुनी राम पैकरा रा.नि.मं. सीतापुर से राजस्व निरीक्षक नजूल, प्रेमशंकर राम रा.नि.मं. राजापुर से राजस्व निरीक्षक वर्कलोड, सुरेन्द्र कुमार कुजुर राजस्व निरीक्षक डायवर्सन से रा.नि.मं. कुन्नी (लखनपुर), हूल सिंह रा.नि.मं. राजस्व निरीक्षक डायवर्सन से रा.नि.मं. (केदमा) उदयपुर, राहुल सिंह, राजस्व निरीक्षक डायवर्सन से रा.नि.मं. गगोली (धौरपुर) और कीर्ति सिंह कार्यालय भू-अभिलेख शाखा का राजस्व निरीक्षक नजूल में तबादला किया गया है। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करके राजस्व कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## आबकारी विभाग की टीम ने अंतरराज्यीय मदिरा जप्त किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले में अवैध मदिरा के परिवहन एवं संग्रहण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी आयुक्त श्रीमती आर. संगीता एवं कलेक्टर अजित वसंत के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी एल.के. गायकवाड के मार्गदर्शन में विशेष कार्रवाई की गई।

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त केदारपुर ने अंबिकापुर क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी सरप्रीत सिंह (30 वर्ष) निवासी केदारपुर वार्ड क्रमांक 24, थाना कोतवाली अंबिकापुर, के कब्जे से मध्य प्रदेश एवं हरियाणा राज्य का लेबल लगा विभिन्न ब्रांड की कुल 16.260 लीटर विदेशी मदिरा जप्त की गई। प्रारंभिक जांच में अवैध रूप से मदिरा का संग्रहण किया जाना पाया गया। प्रकरण में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत



अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शीला बड़ा, आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता सहित विभागीय टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


(बालाजी क्लीनिक)
मद्रासी दवाखाना
Reg. No. Cg03026
ISO 9001: 2015 CERTIFIED
बादी एवं खूनी बवासीर, नासूर, भगंदर, फीसर एवं कांच (गुदा) का क्षार सूत्र से, एवं आंतों की बीमारियों जैसे पेट का भारीपन, गैस, कब्ज, पुरुष और स्त्री के गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है।
डॉ. के.एम. राव
एम.एस.(आयु) शल्य
भूतपूर्व प्राध्यापक शल्य विभाग
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज अहमदाबाद
समय :- सोमवार से शनिवार, सुबह 10 से 2, शाम 6 से 7:30
रविवार सुबह 10 से 2, शाम को बंद रहेगा
बिलासपुर रोड, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर मो. 90099-56307



# लहलहाती फसल को अज्ञात शरारती तत्वों ने लगाई आग, हजारों की क्षति

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कसकेला के पूर्व सरपंच राम प्रसाद पैकरा के ग्राम जुड़वानी स्थित फार्म हाउस में सोमवार को हुई आगजनी की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। दोपहर की तेज धूप के बीच अचानक उठी आग की लपटों ने करीब एक एकड़ में तैयार खड़ी गन्ने की फसल को कुछ ही मिनटों में राख में तब्दील कर दिया। घटना को अज्ञात असामाजिक तत्वों की करतूत बताया जा रहा है, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक खेत में लगी गन्ने की फसल पूरी तरह तैयार थी। कटाई की तैयारी चल रही थी और आने वाले दिनों में उसे मंडी ले जाया जाना था। परिवार को अच्छी आमदनी की उम्मीद थी। लेकिन सोमवार दोपहर अचानक खेत की एक ओर से



धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवा के कारण लपटें पूरे खेत में फैल गईं। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने की सूखी पत्तियों ने आग को और भड़काया, जिससे आग बुझाना बेहद मुश्किल हो गया। कुछ ही समय में हरे-भरे खेत की जगह राख का ढेर नजर आने लगा। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में केवल फसल ही नहीं आई, बल्कि खेत में सिंचाई के लिए स्थापित ट्यूबवेल भी क्षतिग्रस्त हो गया। ट्यूबवेल में लगा स्टार्टर, विद्युत केबल, मोटर से जुड़ी तारें और खेत में बिछाई गई पाइप लाइन जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार हजारों रुपए का नुकसान हुआ है, हालांकि वास्तविक आंकलन राजस्व विभाग के सर्वे के बाद सामने आएगा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बाल्टियों, मोटर पंप और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुछ देर और आग भड़कती रहती तो आसपास के अन्य खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। पीड़ित किसान राम प्रसाद पैकरा ने घटना को सुनियोजित शरारत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि फसल पूरी तरह तैयार थी और ऐसे समय में अचानक आग लगना संदेहास्पद है। उन्होंने लटोरी पुलिस से दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने शासन-प्रशासन से नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की अपील की है, ताकि दोबारा खेती की व्यवस्था की जा सके। उनका कहना है कि एक किसान के लिए पूरी फसल का इस तरह जल जाना आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से बड़ा आघात है।

# कार्यसंस्कृति और सामाजिक संबंधों को मजबूत करता है होली





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** नगर के लाल मैदान में एटक द्वारा सपरिवार होली मिलन का आयोजन किया गया। दर असल बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ अनेकता में एकता का संदेश के तहत संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष स्थित लाल मैदान में 2 मार्च सोमवार को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन एवं सपरिवार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कोयला श्रमिकों के साथ-साथ उनके परिजनों और नगरवासियों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह की उपस्थिति में हुआ। आयोजन में संगठन के केंद्रीय नेतृत्व और प्रशासनिक अधिकारियों का जमावड़ा रहा, जिनमें मुख्य रूप से अजय विश्वकर्मा केंद्रीय महासचिव, एटक, बी धर्माराव केंद्रीय उपमहासचिव, श्रीमती निर्मला यादव अध्यक्ष नगर पंचायत विश्रामपुर, राजेश यादव, दीपेन्द्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष नपं बिश्रामपुर, एसकेपी शिंदे क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, हरेन्द्र तिवारी, राजेंद्र गुप्ता एवं माहकुल उपस्थित रहे। होलिका दहन पश्चात वातावरण उत्सव के रंगों में सराबोर हो गया। आयोजन की खास बात महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित विशेष प्रतियोगिताएं रहीं। खेलकूद और अन्य मनोरंजक गतिविधियों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव अजय विश्वकर्मा ने वर्तमान सामाजिक परिवेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के इस विद्वेषपूर्ण और तनावपूर्ण माहौल में होली जैसा त्योहार हमें अपनी कड़वाहट भुलाकर एक होने की प्रेरणा देता है। यह उत्सव केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि अनेकता में एकता का जीवंत संदेश है। आयोजन में एटक संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए। गुलाल और मिठाइयों के साथ सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने भी श्रमिकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे कार्यसंस्कृति और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया।

## 1 लाख कच्ची ईंट के साथ 25 टन कोयला जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रशासन द्वारा जिले में अवैध संचालित ईंट भट्ठों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड शंकरगढ़ में अवैध रूप से संचालित ईंट निर्माण गतिविधियों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 1 लाख अवैध कच्ची ईंटें व 25 टन कोयला जब्त की गई हैं।



कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी शंकरगढ़ श्री विवेक अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में राजस्व, खनिज एवं वन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध कच्चा ईंट लगभग 1 लाख जब्त कर कार्यवाही की गई। जांच में पाया गया की मथुरा राम के निजी भूमि पर खनिज मिट्टी उत्खनन कर ईंट निर्माण किया जाना पाया गया। साथ ही ईंट को पकाने के लिए 25 टन कोयला का उपयोग करना भी पाया गया। बिना वैध दस्तावेज और सक्षम अनुमति के बिना उक्त कार्य किया जा रहा था। इस अवैध संचालन करने पर जब्त करने की कार्यवाही की गई।

## पहले ही प्रयास में सीए बनकर चाहत ने बढ़ाया कोयलांचल का मान

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**विश्रामपुर।** छोटे शहरों से निकलकर बड़े सपनों को सच करने की मिसाल पेश करते हुए नगर के मुख्य बाजार स्थित महालक्ष्मी फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक श्याम सुंदर गर्ग के पुत्र चाहत गर्ग ने प्रथम प्रयास में ही चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है। चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा को देश की सबसे कठिन पेशेवर परीक्षाओं में गिना जाता है। ऐसे में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त करना न केवल प्रतिभा, बल्कि अनुशासन, धैर्य और निरंतर मेहनत का प्रमाण है। चाहत ने अपनी लगन और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। ज्ञात हो



कि चाहत शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बिश्रामपुर में ही प्राप्त की और आगे की पढ़ाई के दौरान सीए बनने का लक्ष्य तय कर लिया था। कठिन प्रतिस्पर्धा और लंबे अध्ययन के दौर के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना। पुत्र की सफलता पर पिता श्याम सुंदर गर्ग ने कहा कि यह पल उनके जीवन का सबसे गर्वित क्षण है। उन्होंने बताया कि चाहत ने दिन-रात मेहनत कर यह सफलता अर्जित की है और यह प्रेरणादायक है। छोटे शहरों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवा यह साबित कर रहे हैं कि संसाधनों की कमी सफलता में बाधा नहीं बनती, यदि लक्ष्य स्पष्ट और मेहनत सच्ची हो।

## जिला स्तरीय समाधान शिविर 12 एवं 27 मार्च को

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता एवं समयबद्ध रूप से पहुंचाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में समाधान शिविर आयोजित किया जाना है। जिसके लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री चेतन बोरघरिया को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला स्तरीय समाधान शिविर प्रत्येक विकासखण्ड में आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मार्च 2026 में जिला स्तरीय समाधान शिविर निर्धारित तिथियों को आयोजित होगा। विकासखण्ड वाड्रफनगर में 12 मार्च 2026 को विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत बरतीकला के हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा। जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर श्री नीरनिधि नंदेहा को नोडल एवं जनपद पंचायत सीईओ श्री निजामुद्दीन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 27 मार्च 2026 को विकासखण्ड रामचंद्रपुर के प्राथमिक शाला प्रांगण में शिविर आयोजित होगा। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी श्री आनंद राम नेताम को नोडल एवं जनपद सीईओ श्री रणवीर साय को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## शराब के नशे में मदमस्त होकर स्कूल आने वाले सहायक शिक्षक निलंबित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के प्रतापपुर क्षेत्रान्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सरईडांड़ बोंगा में पदस्थ सहायक शिक्षक रोशन लाल उरांव को शराब के नशे में विद्यालय आने के आरोप में मंगलवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के आदेश पर की गई हैं। मामले की पुष्टि एक वायरल वीडियो से हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री उरांव प्रतिदिन शराब का सेवन कर विद्यालय में उपस्थित हो रहे थे, जिससे अध्ययन अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा था तथा छात्रों के मनोभाव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।

जिसके कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत उन्हें सेवा से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय प्रेमनगर नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त शिक्षक का विगत माह वेतन वृद्धि भी रोकी गई थी। संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल केन्द्र बोंगा एवं ग्राम पंचायत बोंगा के सरपंच द्वारा विगत माह विद्यालय का निरीक्षण किए गया और शिक्षक के नशे में पाए जाने की पुष्टि हुई। इस निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर बीईओ प्रतापपुर द्वारा संबंधित शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया और कोई जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर उसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता माना गया, और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आगामी दो वार्षिक वेतन वृद्धि भी असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध कर दी गई थी। इस सम्बन्ध में कलेक्टर एस. जयवर्धन ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्यार्थियों को शिक्षा देने में लापरवाही बरतने वाले, विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले और नशा करके विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने पर जिम्मेदार शिक्षकों को त्वरित कार्यवाही कर निलबंन , वेतन वृद्धि अवरुद्ध करने जैसे कठोर दंड से दंडित किया जाएगा।

## जनगणना हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के ओड़गी तहसील कार्यालय में मंगलवार को जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित कर उन्हें प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उक्त बैठक के दौरान जनगणना कार्य की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण एवं निर्धारित प्रपत्रों के सही भराव संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें शत-प्रतिशत शुद्धता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सही जानकारी संकलित करने के दिशा निर्देश दिए गए।

# प्रशिक्षण महाभियान संगठन की रीढ़ को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम : चिंतामणि

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 की हुई संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत संभागीय कार्यशाला उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक संकल्प के साथ सम्पन्न हुई। सरगुजा संभाग के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की प्रभावी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक आयाम प्रदान किया। यह कार्यशाला संगठन की वैचारिक मजबूती, बूथ सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उद्घाटन सत्र में सांसद चिंतामणि महाराज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण महाभियान संगठन की रीढ़ को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजबूत संगठन ही सुशासन की गारंटी देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाएं, घर-घर जनसंपर्क सुदृढ़ करें और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाएं।



#### विचार व व्यवहार की एकरूपता ही भाजपा की वास्तविक शक्ति-जैन

प्रथम सत्र में प्रदेश प्रशिक्षण विभाग के संयोजक डॉ. अवधेश जैन ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यपद्धति पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत संगठन की मूल प्रेरणा हैं और विचार व व्यवहार की एकरूपता ही भाजपा की वास्तविक शक्ति है। संगठनात्मक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

#### भाजपा का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद न संकीर्ण हैं न विभाजक

द्वितीय सत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, प्रदेश आई टी सेल संयोजक सुनील पिल्लई, जिला संगठन प्रभारी शिवनाथ यादव एवं रायपुर सह संभाग प्रभारी डॉ. राजीव सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता रामलखन पैकरा ने कहा कि भाजपा का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद न संकीर्ण हैं न विभाजक हैं। यह भारत की आत्मा का उत्सव हैं, जो हर भारतीय को उसकी साझा विरासत, पहचान और गौरव से जोड़ता हैं। संगठन विस्तार, डिजिटल संवाद, सोशल मीडिया की भूमिका, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा कार्यकर्ता प्रशिक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। विशेष रूप से यह बताया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शासन की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचाना समय की मांग है। बूथ स्तर पर डेटा प्रबंधन, मतदाता संपर्क और सोशल मीडिया सक्रियता को अभियान का मुख्य आधार बनाया जाएगा। वक्ताओं ने कहां ?कि प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने जोर दिया कि आगामी चुनावी अभियानों के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण समर्पण और अनुशासन के साथ करना होगा।

#### बूथ सशक्त होगा तो संगठन स्वतः सशक्त होगा-श्यामबिहारी

जिज्ञासा समाधान एवं समापन सत्र में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के प्रश्नों का समाधान करते हुए कहा कि बूथ सशक्त होगा तो संगठन स्वतः सशक्त होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि आदि को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी साझा किया। इस सत्र की अध्यक्षता प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने की। इस अवसर पर विधायकभूलन सिंह श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी सहित संभाग के सभी भाजपा विधायक, जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवं वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। संगठन सुदृढ़ीकरण के मुख्य बिंदुओ में बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, विचारधारा आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल संवाद एवं सोशल मीडिया सक्रियता, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी प्रचार, युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, आगामी चुनावी रणनीति पर प्रारंभिक मंथन महत्वपूर्ण रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। यह संभागीय कार्यशाला न केवल प्रशिक्षण का मंच बनी, बल्कि भाजपा के संगठनात्मक विस्तार, वैचारिक स्पष्टता और जनसंपर्क सुदृढ़ीकरण का प्रभावी सूत्र भी सिद्ध हुई।यह कार्यशाला आगामी चुनावी एवं संगठनात्मक अभियानों के लिए दिशा-निर्देशक और प्रेरणास्त्रोत साबित होगी।

## जिला में नई गाइडलाइन दरें 26 से हैं प्रभावशील

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में संपत्ति के पंजीयन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं व्यवहारिक बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 20 नवम्बर 2025 से लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में आवश्यकता अनुसार पुनरीक्षण हेतु जिला मूल्यांकन समितियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए थे। शासन के निर्देशों के अनुरूप जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के लिए 'छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000' के प्रावधानों के तहत् केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक, महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण किया गया। समग्र समीक्षा एवं चर्चा के उपरांत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने जिला सूरजपुर द्वारा प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके साथ ही 26 फरवरी से सूरजपुर जिले के लिये नवीन गाइडलाइन दर लागू व प्रभावशील हो गई है। आम नागरिक एवं संबंधित हितधारक नवीन दरों की विस्तृत जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालय तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## गहरी निद्रा से जागा प्रशासन, जिले में रात्रि 10 से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंध

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गहरी निद्रा से जागे जिला प्रशासन द्वारा अब जब 10 वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं अपने अंतिम पड़ाव पर है, तब आदेश जारी कर जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक के लिए पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। बताया गया है कि कलेक्टर एस. जयवर्धन के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का चलाया या चलवाया जाना प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया गया है। विद्यार्थियों की शालेय परीक्षाएँ और महाविद्यालयीन परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए या निर्णय लिया गया है। आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मानक सीमा से अधिक आवाज में किये जाने से विद्यार्थियों के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त बुजूर्ग, दुर्बल एवं बीमार व्यक्ति चाहे वे किसी संस्था, अस्पताल या घर में हो, तो अत्यधिक परेशानी होती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमानी तरीके से उपयोग की सुविधा नहीं दी जा सकती है। जिला मजिस्ट्रेट, विशेष परिस्थितियों में क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर धीमी आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकता है, किन्तु रात्रि 10 से प्रात: 6 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रखा जायेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
**शुद्धिपत्र-4**
ई-निविदा सूचना संख्या: 100- एस एन टी- परियोजना-निविदा- 2026, दिनांक: 20.12.2025
शुद्धिपत्र- 4: उपरोक्त निविदा संख्या में शुद्धि पत्र- 4 दिनांक 27.02.2026 को जारी किया गया है। निविदा खुलने के दिनांक में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उससे देख सकते हैं।
उप मुख्य सि. एवं दूर. इंजी.(परियोजना-।।)
सीपीआर/10/732 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# पक्के घर की सौगात और बोनस दोहरी खुशियाँ लेकर आई झुन्ना के लिए

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से सरगुजा जिले के वनांचल क्षेत्रों में खुशहाली की नई बयार बह रही है। जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरी के किसान झुन्ना सिंह के लिए इस बार की होली दोहरी खुशियाँ लेकर आई है। एक ओर जहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से उनका पक्का घर बनकर तैयार है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अंतरित धान की बोनस राशि ने उनके त्यौहार के उत्साह को दोगुना कर दिया है। अपनी आपबीती साझा करते हुए झुन्ना सिंह बताते हैं कि पहले वे एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर थे। उन्होंने कहा कि, बरसात के दिनों में घर की छत से पानी टपकता था, जिससे पूरे परिवार और बच्चों को बहुत परेशानी होती थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनके जीवनकाल में उनका खुद का पक्का घर होगा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने उनके इस असंभव से दिखने वाले सपने को हकीकत



में बदल दिया है। शासन से मिली किस्तों की सहायता और जमा पूंजी निवेश कर से आज उनका मजबूत पक्का मकान बनकर खड़ा है। सिर्फ पक्का मकान ही नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा होली से ठीक पहले किसानों के खाते में अंतरित की गई धान की अंतर राशि (बोनस) ने झुन्ना सिंह की आर्थिक चिंताओं को दूर कर दिया है। झुन्ना सिंह ने बताया, मैंने इस साल धान बेचा था और मुझे उम्मीद नहीं थी कि होली से पहले बोनस मिल जाएगा। अचानक खाते में 43 हजार रुपये आने का संदेश मिला तो मेरी खुशी का ठिकाना न रहा। विष्णु भैया ने त्यौहार से पहले यह पैसा भेजकर हम जैसे गरीब किसानों की होली की खुशियां दोगुनी कर दी हैं। झुन्ना सिंह ने गर्व के साथ कहा कि वे अपने नए घर के सामने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंकित करवाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि शासन की संवेदनशील पहल से ग्रामीण किसानों को समय पर आर्थिक संबल मिल रहा है, जिससे वे न केवल अपने सपनों का घर बना पा रहे हैं, बल्कि त्यौहारों को भी हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं।

# हाई कोर्ट ने पूर्व आईएएस टुटेजा, कारोबारी ढेबर को दी जमानत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बिलासपुर। हाई कोर्ट ने डीएमएफ घोटाले में संलिप्तता के आरोप में जेल में बंद पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आबकारी घोटाले में बंद कारोबारी अनवर ढेबर व दो अन्य को जमानत दे दी है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाला में संलिप्तता के आरोप में तकरीबन 22 महीने से केंद्रीय जेल में निरुद्ध पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। हाई कोर्ट ने जमानत याचिका की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया



था। हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए दोनों को जमानत दे दी है। जमानत याचिका की सुनवाई के बाद जस्टिस अरविंद वर्मा की कोर्ट ने अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित और यश पुरोहित की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने इन सभी को जमानत दे दी है। पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर को ईओडब्ल्यू ने जेल में रहने के दौरान पुनः गिरफ्तार किया था। ईओडब्लू ने अनिल टुटेजा को डीएमएफ घोटाला में संलिप्तता के आरोप में और कारोबारी अनवर ढेबर को आबकारी से ही जुड़े एक अन्य मामले में आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया था। इन दोनों के ही अधिवक्ताओं ने ईओडब्लू की इस कार्यवाही को विधि के द्वारा मिले अधिकारों का खुला दुरपयोग और संविधान तथा कानून की संप्रभुता का मखौल उड़ाना निरुपित किया है।

# फल प्रवर्धन एवं उत्पादन तकनीकी विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह लीची पौध का वितरण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। अखिल भारतीय समन्वित फल अनुसंधान परियोजना अंतर्गत फल प्रवर्धन एवं उत्पादन तकनीकी विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम सरपंच अर्जुन सिंह की उपस्थिति एवं सह-संचालक अनुसंधान, परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र अम्बिकापुर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। सह-संचालक अनुसंधान ने अपने उद्बोधन में कृषकों को परंपरागत फसलों के साथ फल एवं सब्जियों की वैज्ञानिक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा वानस्पतिक प्रवर्धन की उन्नत तकनीकों से आय वृद्धि पर बल दिया। प्रशिक्षण




के दौरान डॉ. योगेन्द्र द्वारा आम में ग्राफ्टिंग पद्धति का प्रदर्शन एवं लीची में गूटी तकनीक का प्रदर्शन डॉ. शशि किरण मिंज द्वारा किया गया। श्रीमती अरुणिमा त्रिपाठी ने आधुनिक फल उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी। इसी क्रम में डॉ. पी. के. भगत ने फलदार वृक्षों में कीट प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया जबकि डॉ. रंजीत कुमार ने पौधों की सुरक्षित पैकेजिंग एवं रोपण उपरांत देखभाल के विषय में बताया। डॉ. दुर्गेश्वरी ने पोषक तत्व प्रबंधन पर जानकारी दी। डॉ. अखिलेश लकड़ा एवं कु. शिवानी मिश्रा ने डॉ. एस. आर. दुबोलिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण पूर्व एवं पश्चात प्रश्नावली के माध्यम से कृषकों के ज्ञान स्तर का मूल्यांकन किया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कृषकों को लीची पौध का वितरण किया गया एवं कार्यक्रम का समापन खुली परिचर्चा के साथ सम्पन्न हुआ।

# राज्यसभा दावेदार लक्ष्मी वर्मा का पार्षद से संसद तक का सफर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। राज्य बनने से पहले वर्ष 1994 में रायपुर नगर निगम के वार्ड नंबर सात से पार्षद चुनी गईं लक्ष्मी वर्मा को वर्ष 2010 में रायपुर जिला पंचायत का अध्यक्ष बनाया गया था। यह कार्यकाल समाप्त होने के बाद वे एफएएसएलएल स्टील मिनिस्ट्री गवर्नमेंट ऑफ इंडिया में स्वतंत्र निदेशक के पद पर काम करती रहीं। फिर सात अक्टूबर 2024 को उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य का दायित्व सौंपा गया। लक्ष्मी बलौदाबाजार जिले की मूल निवासी हैं। वे सिमगा ब्लॉक के ग्राम मुड़पार की रहने वाली हैं। वर्ष 1990 में उन्होंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ली थी। वर्ष 2000 में उन्हें रायपुर लोकसभा सदस्य रमेश बैस का प्रतिनिधि भी नियुक्त किया गया था। राजनीतिक सफर के रूप में उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति के सदस्य के रूप में काम किया।



इतना ही नहीं, वर्ष 2010 में उन्हें भाजपा के पंचायत राज प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यसमिति में वर्ष 2014 तक रखा गया था। जबकि प्रदेश भाजपा में उन्हें 2021 में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। उनकी वाकपटुता को देखते हुए उनहें गरियाबंद संगठन प्रभारी के साथ पार्टी प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। इस तरह देखा जाए तो लक्ष्मी की जमीनी पकड़ के अलावा संगठन में भी मजबूत पैठ रही है। यही कारण है कि संभावित सभा नामों को पीछे छोड़ते हुए लक्ष्मी को संसद जाने का मौका मिल गया है। जबकि रेस में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी का भी नाम चर्चा में था। बताते हैं कि अंतिम तीन नाम में लक्ष्मी वर्मा के साथ नारायण चंदेल और प्रेमप्रकाश पांडेय का नाम था।

## मनवा कुर्मी समाज से गहरा नाता

भाजपा ने ओबीसी कार्ड के साथ मनवा कुर्मी समाज को भी साध लिया है। लक्ष्मी का सामाजिक ताना- बाना बहुत गहरा है। वे वर्ष 2000 से 2006 तक मनवा कुर्मी क्षत्रित समाज में प्रदेश महिला महामंत्री रही हैं। जबकि 2006 से 2008 तक समाज की ही प्रदेश संगठन मंत्री और 2008 से 2010 तक प्रदेश महिला अध्यक्ष रह चुकी हैं। अभी लक्ष्मी के पास अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की महिला राष्ट्रीय महासचिव की भी जिम्मेदारी है। ऐसे में देखा जाए तो भाजपा ने सामाजिक परिदृश्य को भी ध्यान में रख कर प्रत्याशी का चयन किया है।


# पुलिस की कार्रवाई में 130 नशेड़ी वाहन चालक पकड़े गए

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। होली पर्व को देखते हुए नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ रायपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। शाम से देर रात तक चले इस सघन अभियान में 130 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त किए गए हैं।

## 42 चेकिंग प्वाइंट पर सघन जांच

पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल विकास कुमार के निर्देश पर शहर के सभी यातायात थाना



क्षेत्रों में 42 चेकिंग प्वाइंट बनाए गए। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन में टीमों ने ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की। जांच में 39 कार, 73 मोटरसाइकिल, 3 ट्रक और 15 टाटा एस पिकअप व ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी वाहनों को जब्त कर यातायात मुख्यालय और संबंधित थानों में खड़ा कराया गया है।

## होली तक जारी रहेगी सख्ती

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर होली तक विशेषकर रात के समय लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। पकड़े गए मामलों को होली के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां प्रत्येक मामले में 10,000 से 15,000 रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान है।

## नागरिकों से अपील

पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं। तेज रफ्तार और शराब के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए स्वयं और परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। होली पर्व के दौरान सौहार्द बनाए रखें और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करें, अन्यथा वाहन जब्ती सहित कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# 24 किलो गांजा के साथ दो आरक्षक समेत चार गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुर। विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ, जिसमें पुलिस विभाग के दो आरक्षकों की संलिप्तता सामने आई है। सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जशपुर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि विवेकानंद कॉलोनी के एक घर में गांजा डंप कर रखा



गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके से 24 किलो गांजा जब्त किया और दो आरोपी सुनील भगत और रवि विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी सुनील भगत ने खुलासा किया कि गांजा तस्करी के नेटवर्क में पुलिस विभाग के दो आरक्षक भी शामिल हैं। जांच में तपकरा थाने में पदस्थ आरक्षक धीरेन्द्र मधुकर और अमित त्रिपाठी के नाम सामने आए। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरक्षकों को भी गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जमीन पर कब्जा को लेकर हुई मारपीट

संवाददाता

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में सोमवार को जमीन कब्जे को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि भू-माफियाओं ने छुट्टी का फायदा उठाकर एक प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पहुंचे प्लॉट मालिकों और उनके परिजनों पर हमला कर दिया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया और बाद में वे न्याय की मांग को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे। पीड़ित प्लॉट मालिकों विमला, कंचन देवी, कामिनी, गौरव कश्यप और धर्मेंद्र ने बताया कि ईदगाह कॉलोनी में स्थित उनकी जमीन पर लंबे समय से कुछ लोगों की नजर थी। सोमवार को सरकारी कार्यालयों में अवकाश का लाभ उठाकर कथित भू-माफिया अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्लॉट पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया, जिसकी जानकारी मिलते ही प्लॉट मालिक और उनके परिजन विरोध करने पहुंच गए। विरोध के दौरान



दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि कब्जा करने आए लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे कई लोग घायल हो गए। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। पीड़ितों के अनुसार, उन्होंने इस मामले को लेकर पहले भी प्रशासन से शिकायत की थी। प्लॉट मालिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय में एडीएम, एसडीएम सदर और सदर विधायक पंकज गुप्ता से मिलकर न्याय की गुहार लगाई थी। हालांकि, कोई कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बढ़ गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर घायल प्लॉट मालिक और उनके परिजन सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और मामले की जांच का आश्वासन दिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था। हालांकि, जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में बच्ची की मौत परिजनो ने काटा हंगामा

संवाददाता

उन्नाव। चार वर्षीय बच्ची की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मामला मेडिसिटी हॉस्पिटल से जुड़ा है, जहां बच्ची का प्रारंभिक उपचार चल रहा था। मानपुर सिकंदरपुर कर्ण निवासी नीरज विश्वकर्मा की चार वर्षीय बेटी आराध्य विश्वकर्मा को मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। कानपुर में उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई। बेटी के निधन की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और वापस उन्नाव आकर मेडिसिटी हॉस्पिटल के बाहर विरोध प्रदर्शन करने लगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल के डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे बच्ची की हालत बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। उनका कहना है कि समय पर सही इलाज मिलता तो बच्ची को बचाया जा सकता था। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने परिजनों को शांत कर उनकी शिकायत सुनी। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली है और उपचार से जुड़े दस्तावेजों की जांच की बात कही है। कोतवाली प्रभारी सीके मिश्र के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ने का प्रतीत होता है, लेकिन परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# दोस्त को गोली मारने वाला नाबालिग गिरफ्तार

## रील बनाने के विवाद में हुई थी घटना, आरोपी बोला- वो पिस्टल मांग रहा था

संवाददाता

शाहजहांपुर , रील बनाने को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग ने अपने दोस्त को पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। घटना 28 फरवरी को हुई थी, जिसमें 17 वर्षीय नैतिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। कटरा थाना क्षेत्र के अरहान मोहल्ले का रहने वाला 17 वर्षीय नैतिक अपने नाबालिग दोस्त के साथ गहरी दोस्ती रखता था। 28 फरवरी को काकोरी इंटर कॉलेज के पास उसके दोस्त ने उसे गोली मार दी, जो नैतिक की छाती में लगी। गंभीर हालत में उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नैतिक की मां राधा जायसवाल ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी नाबालिग ने बताया कि उसके दोस्त ने रील बनाने के लिए उससे पिस्टल मांगी थी। जब उसने पिस्टल देने से मना किया, तो दोनों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर उसे फीलनगर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ने यह भी बताया कि उसके पिता की लाइसेंसी पिस्टल अलमारी में ताला लगाकर रखी रहती थी। घटना वाले दिन जब उसके पिता घर से बाहर गए थे, तो उसने



मौका पाकर अलमारी का ताला खोलकर पिस्टल निकाल ली थी। उसका दोस्त मोबाइल पर मैसेज करके रील बनाने के लिए पिस्टल मंगा रहा था। मैं मौका पाकर पिस्टल को साथ लेकर काकोरी स्कूल वाली गली में दोस्त से मिलने गया था। मैने पिस्टल को दोस्त को दिखाया तो उसने मुझसे पिस्टल मांगा तो मैन देने से मना कर दिया । इस बात को लेकर हम दोनों मे विवाद हो गया तब मैने दोस्त को पिस्टल से गोली मार दी । गोली उसकी बायी ओर छाती पर लगी। जिससे उसकी छाती पर खून दिख रहा था तब मैं पिस्टल लेकर मौके से भाग गया और पौकी मन्दिर के पास रेलवे लाईन पार करके खण्डर में मैने पिस्टल को छुपा दिया था ।

## सम्पादकीय

# बम से नहीं, वार्ता से सुलझाएं विवाद

संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक सैन्य हमलों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की सूचना ने मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा भी हमले किए जाने से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। यह संघर्ष यदि इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो इसका प्रभाव केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी चपेट में आ सकती है। सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, आर्थिक संकट भी बढ़ेगा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बम और मिसाइलें क्षणिक बढ़त तो दिला सकती हैं, लेकिन वे स्थायी शांति की नींव नहीं रख सकतीं। इस संघर्ष ने न केवल हजारों परिवारों को शोक में डुबोया है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को भी बढ़ाया है। स्कूलों, रिहायशी इलाकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक ही चुकाते हैं। ऐसे समय में वार्ता, संयम, संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता हैं जो व्यापक विनाश को रोक सकते हैं। मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक महत्व पूरी दुनिया जानती है। ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यदि तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। तेल की कीमतों में उछाल से विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो जाएगी। स्पष्ट है कि यह केवल दो या तीन देशों का मामला नहीं है, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत का यह रुख संतुलित और जिम्मेदार कूटनीति का परिचायक है। इसी प्रकार चीन और रूस ने भी सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। यह सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक शक्तियां कम से कम औपचारिक रूप से ही सही, शांति की वकालत कर रही हैं। वास्तव में, यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। क्या सैन्य हमले किसी परमाणु या सुरक्षा विवाद का स्थायी हल दे सकते हैं? क्या क्षेत्रीय प्रभुत्व की राजनीति निर्दोष नागरिकों के जीवन से अधिक मूल्यवान है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। विश्व व्यवस्था नियम-आधारित होनी चाहिए, जहां सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो। यदि कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत किया जाए, तो विवादों का समाधान संभव है। अतीत में भी कई जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद वार्ता की मेज पर सुलझे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर व्यापक और पारदर्शी वार्ता ही आगे का रास्ता दिखा सकती है। सैन्य टकराव से केवल अविश्वास बढ़ता है, जबकि संवाद से पुल बनते हैं। विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश देना होगा कि 21वीं सदी में संघर्षों का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। इसलिए यही उचित होगा कि सभी पक्ष तुरंत सैन्य कार्रवाइयों पर विराम लगाएं, तनाव कम करें और बातचीत की प्रक्रिया को पुनः आरंभ करें। बम से नहीं, बल्कि वार्ता से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं



तनाव

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**ईरानी और इजराइल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से भारत की भी कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी जैसी चिंताएं बढ़ सकती हैं। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा।**

इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल- अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। वजह यह है कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खिंचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है।

इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड़ने की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेचने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है । सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का महीना होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है।



लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे माल (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण व जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के दुर्भाग्यपूर्ण रूप से विस्तारित होने पर युद्ध से निर्मित आर्थिक चुनौतियों की आशंका के मद्देनजर ऐसी बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिससे देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कूटनीति

महेन्द्र तिवारी



# खामेनेई के बाद ईरान की रणनीति व भारत पर असर

अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहां से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब 'रणनीतिक धैर्य' की नीति को त्यागकर 'प्रत्यक्ष प्रतिशोध' के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी है: उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव व हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को 'अंतिम सुरक्षा कवच' के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90% तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल होगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस' यानी हिजबुल्लाह, हूती व हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल-अमेरिकी ठिकानों पर दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने में इस्तेमाल कर सकता है।

इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहां उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने।

सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैला, तो उनकी सुरक्षित वापसी बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत को ऐसे समयय में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें। उसे चाहिए कि वह ईरान के नए नेतृत्व के साथ अनौपचारिक माध्यमों से संवाद बनाए रखे और साथ ही अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करे। ईरान का यह संकट वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण का संकेत है, और भारत को इस बदलती व्यवस्था में एक दर्शक के बजाय निर्णायक भूमिका निभानी होगी, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता पर आंच न आए। ईरान की अगली चालें केवल उसके भविष्य को ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नई दिशा देंगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुंभकर्ण एवं रावण के पिछले जन्म का रहस्य




संकलित

दर्शन

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे। उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। जय-विजय ने भगवान विष्णु को सास वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा,'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।'भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।' मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे। दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।'जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।

## आपकी इच्छाशक्ति में सफलता का बीज



संकलित

प्रेरणा

दुर्बल इच्छाशक्ति एक सीमित इच्छाशक्ति है। जैसे ही कठिनाइयां और असफलताएं उसे नष्ट कर देती हैं, अनंत शक्ति के स्रोत से उसका संबंध टूट जाता है। अच्छे उद्देश्य के लिए इच्छाशक्ति के पीछे ईश्वर की इच्छाशक्ति होती है, जो कभी विफल नहीं हो सकती। यहां तक कि ईश्वर की इच्छाशक्ति को रोकने की शक्ति मृत्यु में भी नहीं है। जिस प्रार्थना के पीछे अनवरत इच्छाशक्ति हो, उस प्रार्थना का उत्तर प्रभु अवश्य देंगे। अधिकांश लोग जब कुछ ऐसा पाने की कोशिश कर रहे होते हैं, जिसका उनके लिए बहुत महत्व है, तो वे अत्यधिक अशांत या तनावग्रस्त हो जाते हैं। अधीर और अशांत कार्य ईश्वर की शक्ति को आकर्षित नहीं करते, परंतु इच्छाशक्ति का निरंतर शांत, शक्तिपूर्ण प्रयोग सृष्टि की शक्तियों को झकझोर देता है और अनंत से उत्तर प्राप्त करता है। आप जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी सफलता का बीज आपकी इच्छाशक्ति में है। कठिनाइयों से बुरी तरह आहत हुई इच्छाशक्ति थोड़े समय के लिए पंगु हो जाती है, परंतु जो कृतसंकल्प मनुष्य यह कहता है, 'मेरा शरीर भले ही टूट जाए, परंतु इच्छाशक्ति रूपी मेरा सिर झुक नहीं सकता।' वह इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है। इच्छाशक्ति ही आपको दिव्य बनाती है। जब आप उस इच्छाशक्ति का प्रयोग करना बंद कर देते हैं, तो आप नश्वर मानव बन जाते हैं। बहुत-से लोग कहते हैं कि हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग परिस्थितियों को बदलने के लिए नहीं करना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*- रमेश कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# ईरान में आसान नहीं होगा सत्ता परिवर्तन

ईरान में गूंजे धमाकों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सैन्य दबाव है या ईरान में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत। इन हमलों के पैमाने से आपको क्या संकेत मिलता है? मुझे लगता है कि इन बड़े हमलों और क्षेत्र में कई हफ्तों से तैनात जहाजों तथा कुछ सैनिकों के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा है। मेरा अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक और हमले हो सकते हैं। शुरुआत में वे उस पारंपरिक रणनीति को अपनाएंगे, जिसमें सेना के कमांड और नियंत्रण प्रणाली यानी सैन्य नियंत्रण के मुख्य केंद्रों को निशाना बनाया जाता है। मीडिया में आ रही खबरों से हमें पहले ही पता लग गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आवास पर हमला किया गया है। इसमें उनकी मौत हो गई है। यहां अमेरिका की रणनीतिक अंतिम योजना क्या है? सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं होगा। आज ट्रंप ने ईरानी जनता से सरकार को गिराने की अपील की है लेकिन यह बहुत कठिन काम है। बिना हथियारों के लोग उस शासन को मुश्किल गिरा पाएंगे जो बहुत कड़े नियंत्रण में है और जिसके पास भारी हथियार हैं।



## ऑफ बीट

# विकसित भारत 2047 युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालयों व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।



## ट्रेंड

### अहम भूमिका निभाएगा तमिलनाडु



तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ममता को हटाना चाह रही जनता



तृणमूल पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव कर इसे 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती है। राज्य का हर सही सोच रखने वाला नागरिक अब अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए ममता बनर्जी की इस सरकार को हटाना चाहता है। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय मंत्री

### पिंक कार्ड से फ्री यात्रा



पिंक कार्ड से दिल्ली की महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। **-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

### पीएम को देश मतलब नहीं



भाजपा ने एक साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को बर्बाद कर दिया। यहां की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी भी दूषित है और वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री का देश से कोई मतलब नहीं है। **-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, दिल्ली



# नवी मुंबई में बढ़ते वायुजल स्तर को नियंत्रित करने के उपाय अभी तक ठोस परिणाम हासिल नहीं कर पाए हैं

नवी मुंबई : सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट के शहर में बढ़ते प्रदूषण से निपटने के निर्देश के बाद, नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) ने इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए हितधारकों द्वारा लागू किए जाने वाले उपायों को शुरू करते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब और अस्वास्थ्यकर बना हुआ है, और नेरुल, वाशी और सानपाड़ा क्षेत्रों में यह सबसे अधिक है। तमाम प्रयासों के बावजूद नगर निगम स्थिति को सुधारने के लिए संघर्ष कर रहा है। निगम के आयुक्त कैलाश शिंदे ने नवी मुंबई स्थित विभिन्न सरकारी एजेंसियों से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए कड़े उपाय लागू करने का आग्रह किया है।पिछले कुछ समय से शहर की खराब वायु गुणवत्ता की शिकायत कर रहे निवासियों में असंतोष बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने प्रदूषण को कम करने के लिए निर्माण स्थलों पर नियम लागू किए हैं।एक विशेष समीक्षा बैठक में विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों को आवश्यक उपायों को और अधिक सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए।नवी मुंबई में वायु गुणवत्ता से जुड़े महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम और क्षेत्रीय परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल थे। निवासियों का मानना है कि एजेंसियां इस मुद्दे पर केवल बातें कर रही हैं और कुछ कर नहीं रही हैं, जबकि हजारों लोग इससे परेशान हैं। पिछले कुछ हफ्तों से शहर में वायु गुणवत्ता का स्तर अस्वास्थ्यकर बना हुआ है। इन दिनों शहर में औसत वायु गुणवत्ता स्तर प्रतिदिन 100 से 200 के बीच बना हुआ है। शिंदे ने कहा कि एमपीसीबी, एमआईडीसी, सिडको, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रेलवे और एमएमआरडीए सहित विभिन्न प्राधिकरण नवी मुंबई में वायु गुणवत्ता के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं, और सभी बिल्डरों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने अधीन निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करें। एनएमएमसी क्षेत्र में विभिन्न प्राधिकरणों और निजी डेवलपर्स द्वारा 700 से अधिक छोटे-बड़े निर्माण परियोजनाएं चल रही हैं।शिंदे ने निर्देश दिया कि इन सभी स्थलों का विभागीय अधिकारी स्तर पर निरीक्षण किया जाए और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के पालन को सुनिश्चित करने के लिए अगले कुछ दिनों के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि नवी मुंबई में वायु गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए और यदि डेवलपर्स एसओपी का पालन नहीं करते पाए जाते हैं, तो काम रोक दिया जाए। यदि इसके बाद भी सुधार नहीं होता है, तो एक नोटिस जारी किया जाए जिसमें कहा जाए कि निर्माण अनुमति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया जाएगा। सभी निर्माण स्थलों, बड़े निर्माण स्थलों और अन्य परियोजनाओं पर वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण लगाना अनिवार्य है। शिंदे ने कहा, ₹सभी निर्माण स्थलों, चाहे वे छोटे हों या बड़े, पर वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण लगाना और उनकी जानकारी ऐप पर एकीकृत करना अनिवार्य था।₹ उन्होंने एमपीसीबी से आग्रह किया कि वह आरएमसी संयंत्रों में ये उपकरण लगाए, और एमआईडीसी और सिडको अपने द्वारा संचालित कार्यस्थलों पर इन्हें लगाएं और तुरंत एकीकृत करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में एनएमएमसी के विभागीय अधिकारियों और पर्यावरण विभाग के साथ-साथ साइट सुपरवाइजरों और डेवलपर्स को भी अलर्ट जारी किया जाना चाहिए। आयुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण एमपीसीबी द्वारा अनुमोदित अधिकृत आपूर्तिकताओं से ही खरीदे जाने चाहिए ताकि सूचकांकों की प्रामाणिकता सुनिश्चित हो सके।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क- /ब - 121/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मो० सरवर हेयात खान आ० मो० नजमूल होदा खान व अन्य 01 निवासी महामाया पार्क जरहागढ़ तहसील अग्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर 07 रिंग रोड जरहागढ़ नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2335/2, 2336/4 रयामा 0.023/4, 0.031/4 एक (242.82 वर्गमीटर) भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भूतल पर रकबा 138.14 बर्गमीटर प्रथम तल पर रकबा 138.14 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय की प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 18/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०. /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आलोक कुमार जायसवाल पिता मंगल प्रसाद जाति जायसवाल निवासी बतरा तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खत्तरा नंबर 136/148 रकबा 0.016 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०./अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजू देवी पत्नी प्रवीन्द्र कुमार सिंह जाति क्षत्रिय निवासी जरही तहसील प्रतापपुर जिला बलरामपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 170/2. 171/16 रकबा 0.010, 0.022 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०./अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलू गुप्ता पत्नी गणेश कुमार गुप्ता जाति रौनियार निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 121/16 रकबा 0.014 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०. /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश, राजेश पिता श्यामलाल जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 434/32, 434/276 रकबा 0.257, 0.095 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०../अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंदु वैष्णव आ० घनश्याम कुमार जाति बैरागी निवासी गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 32/11 रकबा 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1. खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/ब-121/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक महेन्द्र असाटी आ० स्व० लालमन प्रसाद असाटी एवं अन्य 04 निवासी जायसवाल चित्र मंदिर के पीछे केदारपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर 02 मोहल्ला खुटेनपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 361, 362 रकबा 0.03, 0.06 एकड़ पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 232.4 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 2073 वर्गमीटर एवं द्वितीय तल पर रकबा 207.3 वर्गमीटर, तृतीय तल पर रकबा 207.3 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202603020700017/**

विषय - अ - 27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्नः- 2025-2026
केशवपुर (प ह न. 00024),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - रीझन,
अनावेदक पक्षकार-शिवबालक अगरिया वगै0

ईश्तहार

आवेदक रीझन अगरिया आ० स्व० रूपन अगरिया, निवासी ग्राम केशवपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम केशवपुर स्थित खसरा नंबर 253/2, 254/2, 261/2, 287/1 रकबा क्रमशः 0.008, 0.210, 0.121, 0.089 हे० भूमि को अपने जीवनकाल में अपने तीनों पुत्रों के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/03/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील - अम्बिकापुर

---

खास होगी अयोध्या की होली उड़ेगा गुलाल

# सीएम योगी के भेजे हर्बल गुलाल से लगेगा रामलला को टीका

**अयोध्या के राम मंदिर में इस साल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेलने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व पर मंदिरों के लिए हर्बल गुलाल भेजा है।**

**खास बातें**
- रामलला के लिए 56 भोग बनेगा
- फूलों की होली खेलने की व्यवस्था की गई है
- मंदिरों के कपाट चंद्र ग्रहण के मौके पर 3 मार्च को बंद रहेंगे




एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में इस साल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेलने की तैयारी की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व पर मंदिरों के लिए हर्बल गुलाल भेजा है। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि सीएम के भेजे हर्बल गुलाल को प्रभु राम लला सहित अन्य विग्रहों को अर्पित कर इससे होली खेली जाएगी। इसके अलावा फूलों की होली खेलने की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि होली के मुख्य पर्व पर रामलला के लिए 56 भोग बनेगा उनका आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा।

**श्रद्धालुओं की भीड़ 1 लाख के पार**

उन्होंने बताया कि होली की शुरुआत रंगभरी एकादशी से ही हो चुकी है। इस दौरान रोजाना प्रभु रामलला को गुलाल से टीका कर उन्हे रंग गुलाल अर्पित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर में सांस्कृतिक दल होली गीत फगुआ आदि का गायन कर रहे हैं। पर्व पर रामलला के दर्शन करने के लिए देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ 1 लाख के करीब पहुंच गई है। अयोध्या के 5 हजार से अधिक मंदिरों में रंगभरी एकादशी से रंगोत्सव चल रहा है, जो 4 मार्च तक जारी रहेगा ।

### मंदिरों के कपाट 3 मार्च को बंद रहेंगे

अयोध्या के मंदिरों के कपाट चंद्र ग्रहण के मौके पर 3 मार्च को बंद रहेंगे। वहीं राम जन्म भूमि मंदिर ने अपने अपने संध्या आरती व भोग आरती के समय के साथ चंद्रग्रहण की समय सारणी जारी कर दी है। उस दिन राम लला के दर्शन का समय आधा घंटा बढ़ाने का निर्णय किया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण राम जन्म भूमि मंदिर के कपाट सुबह 9:30 बजे से रात 8:30 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर में बंद रहेगा।

### दर्शन की अवधि आधा घंटा बढ़ाई गई

मंदिर के कपाट संध्या आरती के समय से खुल जाएंगे। उसी के साथ दर्शन भी शुरू हो जाएगा। चंद्र ग्रहण के चलते राम लला के दर्शन की अवधि आधा घंटा बढा दी गई है। चंद्र ग्रहण की तिथि को प्रभु रामलला की भोग आरती रात 9:30 बजे होगी और दर्शन 10:30 की जगह 11 बजे रात तक चलेगा ।

---

## हरगढ़ बाजार में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था का दिया संदेश

जिगना। थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को हरगढ़ बाजार में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पीएसी बल व थाने के पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में चक्रमण करते नजर आए। थाना प्रभारी संजय सिंह ने अपनी टीम के साथ बाजार के प्रमुख मार्गों, चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की।

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूबित किया जाता है कि आवेदक निर्मला गुप्ता पत्नी परमेश्वर प्रसाद गुप्ता निवासी रिंग रोड़ बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 2070/37 रकबा 0.074 हे0 में से 0.049 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है. जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०../अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुचिता केरकेट्टा पत्नी रंजीत केरकेट्टा जाति उरांव निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 157/682 रकबा 0.036 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार साह आ० फुलचन्द साह जाति तेली निवासी मायापुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 1765/55 रकबा 0.008 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/3/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/अ-20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एत्तद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका कौशल्या देवी पाणी श्री रामनारायण शर्मा, निवाशी नेहरू वार्ड सत्तीपारा, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मोहल्ला सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-02 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 639/2, 641/2 रकबा 0.011/2 0.081/2 एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31/03/2026 है। आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाये जाने आवेदन पत्र मय मेंटनेश खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आम्मति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम ते दिनांक 16/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एप न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/अ-20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एलद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार डाहरे आ० स्व० बाबूलाल डाहरे, निवासी नेहरू वार्ड सत्तीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मोहल्ला सत्तीपारा नेहरू वार्ड, नगर अम्बिकापुर, शीट नंबर-02 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 627/10 रकबा 0.06 एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31/03/2026 है। आवेदक द्वारा लीज अवधि बढ़ाये जाने आवेदन पत्र मय मेंटनेश खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र० /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सूर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि अर्चना गुप्ता पत्नी शैलेन्द्र कुमार गुप्ता जाति सूड़ी निवासी गोधनपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 215/52 रकबा 0.024 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पंदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा ).
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०../अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण कुमार मिंज पिता तेलेस्फोर मिंज जाति उरांव निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 6/4 रकबा 0.024 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202602020700182**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणी राजस्व
सनः-2025-2026
मुडेसा प.ह.न. 00030
[158/5(0.1050 हे०)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - पियार साय राजवाड़े.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

आवेदक पियार साय राजवाड़े आ० स्व० आलम साय राजवाड़े, निवासी ग्राम मुडेसा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम मुडेसा स्थित कुल खसरा नंबर 16 कुल रकबा 2.896 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम त्रुटिवश प्यार साय दर्ज हो गया है जबकि आवेदक का वास्तविक नाम पियार साय राजवाड़े है। आवेदक के द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2026 के पूर्व न्यायातव में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/02/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील - अम्बिकापुर

# कोरिया दुष्कर्म मामला: हाई कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा, मिशन स्कूल के फादर को उम्रकैद

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

भटगांव। कोरिया जिले के ज्योति मिशन स्कूल से जुड़े वर्ष 2015 के बहुचर्चित दुष्कर्म प्रकरण में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए निचली अदालत के निर्णय को पलट दिया है। डिवीजन बेंच ने ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने को त्रुटिपूर्ण बताते हुए मुख्य आरोपी फादर जोसेफ क्षत्रा स्वामी को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। इसके साथ ही घटना को छिपाने और पीड़िता की मदद न करने की दोषी पाई गई दो महिला स्टाफ, फिलोमिना केरकेट्टा और किसमरिया को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास तथा जुमार्ने की सजा दी गई है। अदालत ने सभी दोषियों को दो सप्ताह के भीतर ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।



### क्या है मामला

मामला कोरिया जिले के एक मिशन स्कूल के हॉस्टल से जुड़ा है, जहां वर्ष 2015 में चौथी कक्षा में पढ़ने वाली 9 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। पीड़िता ने बताया था कि घटना के बाद उसने इसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन से की, लेकिन आरोप है कि मामले को दबाने का प्रयास किया गया और उसे चुप रहने के लिए डराया-धमकाया गया।

### ट्रायल कोर्ट ने किया था बरी

9 जनवरी 2017 को बैकुंठपुर की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने साक्ष्यों को अपर्याप्त मानते हुए तीनों आरोपियों को बरी कर दिया था। इस फैसले को राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

### हाई कोर्ट की टिप्पणी

हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मेडिकल और फॉरेंसिक साक्ष्यों पर विशेष जोर दिया। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता के शरीर पर चोटों के स्पष्ट प्रमाण मिले थे और एफएसएल रिपोर्ट में कपड़ों पर मानव वीर्य के अंश पाए जाने की पुष्टि हुई थी, जो अपराध की पुष्टि करते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि नाबालिग पीड़िता की गवाही अपने आप में विश्वसनीय और पर्याप्त है। ऐसे मामलों में अतिरिक्त स्वतंत्र गवाह की अनिवार्यता नहीं होती। ट्रायल कोर्ट द्वारा तकनीकी आधार पर साक्ष्यों को खारिज करना उचित नहीं था।

### किसे कितनी सजा

मुख्य आरोपी फादर जोसेफ क्षत्रा स्वामी को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और जुमार्ने की सजा। फिलोमिना केरकेट्टा और किसमरिया को अपराध छिपाने व पीड़िता की मदद न करने के अपराध में 7-7 वर्ष का कठोर कारावास और जुमार्ना।

### महत्वपूर्ण फैसला

हाई कोर्ट का यह निर्णय बाल सुरक्षा और न्याय व्यवस्था के दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और साक्ष्यों का समुचित मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है।

### भटगांव से भी जुड़ा रहा नाम

जानकारी के अनुसार फादर जोसेफ धन्ना स्वामी कुछ समय तक भटगांव स्थित ए.डी. जुबली स्कूल में प्राचार्य के रूप में पदस्थ रहे थे। हाई कोर्ट के ताजा फैसले के बाद भटगांव क्षेत्र में भी इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस फैसले के बाद एक बार फिर बाल संरक्षण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और संस्थागत जवाबदेही पर चर्चा तेज हो गई है।

# मनपा स्वास्थ्य विभाग का बजट बढ़ाया जाय: राजा भाऊ सोनटक्के

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मुंबई, : हाल ही में मुंबई मनपा ने सालाना बजट पेस किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के लिए मात्र 7456 करोड़ रूपए का प्रस्ताव पारित किया गया। जो कि मुंबई के मनपा अस्पतालों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जिसके कारण हिंदू राष्ट्र सेवा संघ महाराष्ट्र के अध्यक्ष राजा भाऊ सोनटक्के ने राज्य सरकार और मनपा आयुक्त से स्वास्थ्य विभाग का बजट बढ़ाने की मांग की है। मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में हिंदू राष्ट्र सेवा संघ महाराष्ट्र के अध्यक्ष राजा भाऊ सोनटक्के ने बताया जाता मुंबई नगर और उपनगरों की जनसंख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। एक आंकड़े के अनुसार मौजूदा समय में मुंबई और उपनगर की जनसंख्या 2.25 अर्थात सवा दो करोड़ पहुंच चुकी है। जहां तक मनपा द्वारा संचालित अस्पतालों की बात है तो नायर, के.एम. ,सायन, बांद्रा भाभा, अंधेरी कूपर, घाटकोपर का राजावाड़ी और गोवंडी के मदन मोहन मालवीय, कांदिवली का शताब्दी ये बड़े अस्पताल हैं। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में इलाज के लिए मरीज आते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में मनपा अस्पतालों में दवाओं की घोर किल्लत व्याप्त है। डॉक्टर दवाइयां लिख रहे हैं, लेकिन अस्पताल में दवाइयां नहीं मिल रही हैं। जिसके कारण मरीजों को ज्यादातर दवाइयां मेडिकल स्टोरों से खरीदनी पड़ रही हैं। दवाएं इतनी महंगी है कि गरीब लोग पैसे की कमी के कारण ले नहीं पा रहे हैं। जबकि मनपा के अस्पतालों, क्लीनिकों, स्वास्थ्य केंद्रों और प्रसूति वार्डों में मरीजों को मुफ्त दवाइयां देने का नियम है। राजा भाऊ सोनटक्के ने यह भी बताया कि मनपा द्वारा संचालित अस्पतालों में सोनोग्राफी, एम आर आई, एक्सरे, सिटी स्कैन की मशीनें काफी पुरानी हो चुकी हैं।

# रंगों में घुले प्रेम और सौहार्द का त्योहार है होली : मंत्री राजवाड़े ने दी होली की शुभकामनाएँ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अपने संदेश में कहा है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा, उल्लास और सकारात्मकता का संचार करता है तथा भेदभाव मिटाकर सभी को एक



सूत्र में पिरोने का संदेश देता है।उन्होंने कामना की कि यह होली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि त्योहार मनाते समय प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, जल संरक्षण का ध्यान रखें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में अपना सक्रिय सहयोग दें। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाई गई होली ही सच्चे अर्थों में आनंद और सौहार्द का उत्सव बनती है तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी विश्वास को और अधिक मजबूत करती है।

# त्योहार की आड़ में कानून से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त, जबरन रंग डालने पर होगी एफआईआर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कानून-व्यवस्था को लेकर होली पर्व से पहले सख्त एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध रंग या पानी डालना दंडनीय अपराध माना जाएगा। जबरन रंग लगाने, पानी फेंकने या हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्ती से एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहार की आड़ में कानून से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों से शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की गई है।

### मुखौटे की बिक्री और उपयोग वर्जित

अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए होली के दौरान मुखौटे ( मास्क ) की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, कई बार असामाजिक तत्व पहचान छिपाने के लिए मुखौटों का सहारा लेते हैं, जिससे कार्रवाई में दिक्कत आती है।



### पुलिस ड्रोन से करेगी निगरानी

इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस ड्रोन कैमरों का सहारा ले रही है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, घनी बस्तियों और व्यस्त इलाकों में ड्रोन के जरिए लगातार नजर रखी जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें भी तैनात की गई हैं।

### हुड़दंग करने वालों पर सख्ती के निर्देश

होली के मद्देनजर राजधानी में 3000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। सोमवार शाम से बुधवार शाम तक लगातार ड्यूटी के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ड्रिंक एंड ड्राइव, ट्रिपल राइडिंग और सड़क पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। पेट्रोलिंग टीमों को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रकृति संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देता है होली का पर्व : केदार कश्यप

## प्रदेशवासियों से प्राकृतिक रंगों के उपयोग और जल संरक्षण की अपील

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मंत्री कश्यप ने अपने संदेश में कहा है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है तथा सभी भेदभावों को भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि यह होली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। वन मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि होली का पर्व प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों के साथ मनाएँ, जल



संरक्षण का विशेष ध्यान रखें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में अपना सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाई गई होली ही सच्चे अर्थों में आनंद और सौहार्द का पर्व बनती है। साथ ही उन्होंने सभी से प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

# प्रेम और सद्भाव के रंगों से सराबोर हो होली : मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कामना की है कि यह उल्लास, उमंग और आत्मीयता का महापर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को सशक्त बनाने का अवसर है। यह पर्व समाज में समरसता, सद्भाव और



एकता की भावना को प्रगाढ़ करता है तथा हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली का विशेष महत्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और वैमनस्य पर प्रेम की प्रधानता का संदेश देता है। होली के रंग हमें स्मरण कराते हैं कि विविधताओं से परिपूर्ण हमारे समाज की वास्तविक शक्ति परस्पर विश्वास, अपनत्व और सामूहिक सहयोग में निहित है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को हर्षोल्लास, संयम और पारंपरिक मयार्दाओं के साथ मनाएँ। प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें तथा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के साथ भी इस उत्सव की खुशियाँ साझा करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के रंगों से सजी यह होली छत्तीसगढ़ की एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

# फल प्रवर्धन एवं उत्पादन तकनीकी पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, अजिरमा में सह-संचालक अनुसंधान डॉ.के.एल.पैंकरा के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय समन्वित फल अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 45 कृषकों ने सहभागिता की। सह-संचालक अनुसंधान द्वारा कृषकों को संबोधित कर फलदार पौधों में प्रवर्धन के महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में आम एवं लीची सहित फलदार पौधों के वानस्पतिक प्रवर्धन की उन्नत तकनीकों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। श्रीमती अरुणिमा त्रिपाठी ने आधुनिक फल उत्पादन तकनीकों, डॉ. सीताराम दुबोलिया ने प्रसार गतिविधियों, डॉ.आर.एस.सिदार ने संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा डॉ. रंजीत कुमार ने पौधों की



सुरक्षित पैकेजिंग एवं रोपण उपरांत देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. जहार सिंह ने फलों के रोग प्रबंधन पर जानकारी दी। डॉ. योगेन्द्र ने आम में ग्राफ्टिंग एवं डॉ. शशि किरण मिंज ने लीची में गूटी (एयर लेयरिंग) की तकनीक का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. दुर्गेश्वरी, डॉ. लक्ष्मी सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे। यमलेश निषाद एवं कु. शिवानी मिश्रा द्वारा कृषक पंजीयन के साथ, प्रशिक्षण से पूर्व एवं पश्चात प्रश्नावली के माध्यम से प्रतिभागियों/कृषकों के ज्ञान स्तर का आकलन किया गया। फल प्रक्षेत्र एवं हाईटेक नर्सरी का भ्रमण मेवालाल द्विवेदी द्वारा कराया गया। अंत में खुली परिचर्चा एवं लीची पौध वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# इंडिया स्किल 2025-26 में छत्तीसगढ़ को मिली ऐतिहासिक सफलता

## छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने ईस्ट जोन प्रतियोगिता में जीते 12 पदक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। युवाओं की प्रतिभा, तकनीकी दक्षता एवं नवाचार क्षमता को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार का कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025-26 में छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं ने ईस्ट जोन रीजनल प्रतियोगिता में 12 पदक और 04 मेडल ऑफ एक्सीलेंस अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। यह प्रतियोगिता क्रमशः चार चरणों में जिला, राज्य, रीजनल एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल के अंतर्गत भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है



कि वे राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। राज्य सरकार कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक प्रशिक्षण, नवाचार और उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दे रही है। यह सफलता सशक्त युवा, समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ईस्ट जोन की रीजनल प्रतियोगिता का समापन 02 मार्च 2026 को भुवनेश्वर में हुआ, जिसमें ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने 59 कौशल श्रेणियों में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक एवं 04 मेडल ऑफ एक्सीलेंस सम्मान अर्जित किए, जिनमें 01 स्वर्ण, 02 रजत, 05 कांस्य पदक तथा 04 मेडल ऑफ एक्सीलेंस शामिल हैं। डिजिटल इंटरैक्टिव मीडिया में सुनील कुमार पैतल ने स्वर्ण पदक, 3डी डिजिटल गेम आर्ट में खुशांक नायक, सीएनसी मिलिंग में पुष्कर सोनबर एवं सीएनसी टर्निंग में आत्माराम ने रजत पदक अर्जित कर राज्य को गौरवान्वित किया। इसी तरह सीएनसी मिलिंग में निखिल, इलेक्ट्रॉनिक्स में अभिषेक कुमार, प्लंबिंग एवं हीटिंग में रेशमान, वेब टेक्नोलॉजी में सतेंद्र कुमार ने कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। इसी तरह रेन्यूबल एनर्जी में नोहर लाल पटेल, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ओम बंजारे, हेल्थ एंड सोशल केयर में अंतरा मुखर्जी ने मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रतियोगिता का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया। 19 कौशल ट्रेड्स में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 3327 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 381 प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 03 एवं 04 फरवरी 2026 को रायपुर, दुर्ग एवं रायगढ़ जिलों के प्रतिष्ठित संस्थानों में संपन्न हुई। व्यावहारिक मूल्यांकन के पश्चात 38 प्रतिभागियों का चयन रीजनल स्तर के लिए किया गया। रीजनल स्तर पर सफल प्रतिभागी अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य में पहली बार कौशल तिहार 2025 एवं मोबाइल आधारित एमसीक्यू परीक्षा जैसे नवाचारों के माध्यम से प्रतियोगिता का व्यापक एवं पारदर्शी संचालन किया गया।


संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# सरगुजा फ्रंटलाइन

## पुलिस ने फ्लैग मार्च करके असामाजिक तत्वों को किया सतर्क

### होली पर्व के मद्देनजर गली-गली तक पुलिस का रहेगा पहरा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** होली त्यौहार के मद्देनजर विभिन्न चौक-चौराहों से पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को सतर्क किया गया। संवेदनशील दृष्टिकोण से शहरी, देहात, आउटर और अंदरूनी क्षेत्रों में पुलिस अलर्ट है। शहर एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फिक्स पॉइंट के साथ मोटर सायकल से बाज स्क्वॉड, फोर व्हीलर पेट्रोलिंग व महिला पेट्रोलिंग बल तैनात किए गए हैं। इन्हें किसी प्रकार की असामाजिक तत्वों द्वारा की जाने वाली हुड़दंगबाजी पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।





होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा पुलिस टीम को शहर एवं ग्रामीण थाना, चौकी क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों में फ्लैग मार्च कर आपराधिक गतिविधियों वाले व्यक्तियों को सचेत करने और ऐसे मामले में सख्ती से कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 02 मार्च के बाद रंगोत्सव की पूर्व संध्या पर शाम करीब 5 बजे शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं ग्रामीण थाना, चौकी क्षेत्रों के प्रभारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से निकलकर थाना चौक, महामाया चौक, संगम चौक, देव होटल चौक से होकर घड़ी चौक पर आकर समाप्त हुई। पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा इस दौरान लगातार पेट्रोलिंग कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाया रखा जाएगा। फ्लैग मार्च के दौरान आमजनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गय, साथ ही असामाजिक और उपद्रवी तत्वों को सख्त चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार की हुड़दंगई, जबरन रंग-गुलाल लगाना, नशाखोरी, सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने या विधि व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरगुजा पुलिस एवं प्रशासन की प्राथमिकता है, कि होली का त्यौहार शांतिपूर्वक वातावरण के साथ निपटे। इसके लिए जिले के आमजनों से अपील की गई है कि इसके लिए प्रशासन का भरपूर सहयोग करें।

## प्लेन क्रैश की अफवाह ऐसी फैली कि घंटों जंगल छानता रहा प्रशासन

### थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह दल-बल के साथ पहुंचे शंकरपुर, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** सरगुजा जिला के उदयपुर थाना क्षेत्र में प्लेन क्रैश होने की अफवाह से पूरे प्रशासन में खलबली मच गई। होली के मौके पर शांति व्यवस्था की कायमी के लिए लगे थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह सूचना मिलते ही अपनी टीम के साथ शंकरपुर के लिए रवाना हुए, उनके साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अफवाह तेजी से फैलने के कारण शंकरपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों उदयपुर, प्रेमनगर और रामानुजनगर ब्लॉक से सैकड़ों ग्रामीण जंगल की ओर निकल पड़े। लोगों ने संभावित दुर्घटनास्थल की तलाश में घंटों जंगल की खाक छानी, लेकिन कहीं भी किसी प्रकार के विमान हादसे का संकेत नहीं मिला। प्रशासन ने




पूरे क्षेत्र में सघन जांच-पड़ताल की, परंतु प्लेन तो दूर कोई मलबा या दुर्घटना से जुड़ा साक्ष्य नहीं मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह महज एक अफवाह थी। काफी मशक्कत और सत्यापन के बाद प्रशासनिक अमला और ग्रामीण निराश होकर अपने-अपने घरों और कार्यालयों को लौट गए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और पहले संबंधित अधिकारियों से पुष्टि अवश्य करें, ताकि अनावश्यक अफरा-तफरी से बचा जा सके।

**ऐसी कोई घटना नहीं हुई**

एसडीएम बन सिंह नेताम ने बताया कि प्लेन क्रैश की सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम द्वारा एहतियातन संसाधनों सहित गांव में जाकर पतासाजी की गई, सूचना पूरी तरह से अफवाह निकली। ऐसी कोई घटना क्षेत्र में नहीं हुई है।

## पिता की हत्या करके टंकी में डाला शव, बिरयानी खाकर ले रहा था चैन की नींद

### पुलिस ने घटना के बारे में पूछा तो कहा-काम नहीं करते थे पिता, बाई मिस्टेक मार दिया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणीपुर थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्टनगर से लगे बहेरापारा में सोमवार की रात एक युवक ने अपने पिता के सिर पर टांगी के पिछले हिस्से से ताबड़तोड़ प्रहार करके हत्या कर दी। हत्या के बाद शराब के नशे में मदहोश पुत्र बिना किसी मलाल के पिता के शव को पानी टंकी में औंधे मुंह डाल दिया, इसके बाद वह बिरयानी खाकर सो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पानी टंकी से शव बरामद किया है। पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने बाई मिस्टेक घटना होने और पिता के काम नहीं करने की बात से नाराज होकर घटना को अंजाम देना स्वीकारा है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी पुलिस ने जब्त कर लिया है।



जानकारी के मुताबिक 02 मार्च को थाना मणीपुर पुलिस टीम को सूचना मिली कि कदमपारा ट्रांसपोर्टनगर में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, और उसका शव पानी टंकी में पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के साला से घटना के संबंध में पूछताछ किया तो वह बताया कि जीजा पारसनाथ केरकेट्टा और भांजा प्रभात केरकेट्टा कदमपारा ट्रांसपोर्टनगर में एक ही जगह पर रहते थे। प्रभात केरकेट्टा मुर्गा दुकान मे काम करके अपना खर्चा चलाता था, मृतक कुछ काम नहीं करता था। जीजा और भांजा के बीच में कुछ नहीं देने और कुछ काम नहीं करने की बात को लेकर हमेशा झगड़ा, मारपीट होते रहता था। 02 मार्च की रात्रि को प्रभात का अपने पिता पारसनाथ केरकेट्टा से विवाद हुआ और वह गाली-गलौज करते हुए टांगी के पासा से मारपीट करके शव को पानी टंकी में डाल दिया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध थाना मणीपुर में धारा 103 (1) बीएनएस का मामला कायम करके विवेचना में लिया, और घटना स्थल का निरीक्षण करके आरोपी प्रभात केरकेट्टा उर्फ लेदा 23 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने पिता की हत्या टांगी से पासा से गंभीर चोट पहुंचाकर करना स्वीकार किया। हत्या के बाद वह शव को घर के पास बने पानी टंकी में डाल दिया था। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी एवं घटना के दौरान पहना गया बनियान जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया, यहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर उप निरीक्षक सी.पी. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक दिलसाय कुजूर व सिदयुस लकड़ा, प्रधान आरक्षक नारायण चौधरी, नरेन्द्र जांगड़े, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, रामशंकर यादव, अनिल सिंह, सैनिक ओम प्रकाश दुबे सहित अन्य सक्रिय रहे।

## एक गांव ऐसा, जहां होलिका दहन के बाद अंगारों से नंगे पांव गुजरे ग्रामीण



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के एक गांव से होलिका दहन के बीच लोगों को हैरत में डालने वाली तस्वीर सामने आई है। करजी गांव के ग्रामीण दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलते नजर आ रहे हैं। यह परंपरा गांव में कई दशक से निभाई जा रही है। हर वर्ष होलिका दहन के बाद जब अग्नि शांत होकर अंगारों में बदल जाती है, तब गांव के लोग उसमें चलकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि यह देवी की कृपा है। अंगारों पर चलने के बाद भी उनके पैरों में न तो फफोले पड़ते हैं और न ही किसी प्रकार का दर्द होता है। लोग इसे भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए आसपास के कई गांवों से लोग करजी ग्राम पहुंचते हैं। हालांकि बाहरी ग्राम से आने वाले लोगों की हिम्मत दहकते अंगारों को देखकर नंगे पांव गुजरने की नहीं होती है। होलिका दहन के साथ आस्था और विश्वास का यह दृश्य चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में सोमवार, 2 मार्च को पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में कराया गया। कार्यक्रम के निर्णायक समिति में डॉ. एस.एन. पाण्डेय कार्यक्रम समन्वयक रासेयो संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अमृता जायसवाल समाज सेविका, सुधा तिवारी प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला बौरीपारा शामिल रहे।

पाककला के आयोजन में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों ने 5 निकेतनों में भाग लिया। सभी निकेतनों ने अलग-अलग राज्य के थीम को प्रजेंट किया। दिनकर निकेतन ने बिहार राज्य को रिप्रेजेंट करते हुए वहां के प्रसिद्ध व्यंजन को बनाया। दिवाकर निकेतन ने ओड़िशा राज्य, भास्कर निकेतन ने महाराष्ट्र राज्य, प्रभाकर निकेतन ने छतीसगढ़ राज्य को, भानू निकेतन ने सॉउथ इंडिया को रिप्रेजेंट किया। सभी ने थीम के अनुसार संबंधित राज्य के विभिन्न प्रसिद्ध व्यंजनों का निर्माण किया। निर्णायक समिति ने सभी निकेतनों के स्टॉल और सजावटों को देखा और इनसे सवाल करके भोजन का स्वाद भी लिया। महाविद्यालय में पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिभा को निखारने, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और व्यावहारिक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रतियोगिता केवल स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि टीम वर्क, समय-प्रबंधन, प्रस्तुतीकरण कला और स्वच्छता के महत्व को भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने कहा कि पाक कला प्रतियोगिता ने प्रशिक्षणार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। इस प्रकार के आयोजन प्रशिक्षणार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने सभी को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। निर्णायकों ने पाक कला प्रतियोगिता का परिणाम सामने लाया। इस दौरान महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष रानी रजक, सहायक प्राध्यापक प्रियलता जायसवाल, मिथलेश कुमार गुर्जर, उर्मिला यादव, सुप्रिया सिंह, सविता यादव, सीमा बंजारे, पूजा रानी, ज्योत्स्ना राजभर, अर्चना सोनवानी, गोल्डन सिंह, अजीत सिंह परिहार, नितेश कुमार यादव, सुन्दर राम एवं बीएड के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

## रंगों का पर्व होली आज, खरीददारी के लिए उमड़े लोग

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** रंगों का पर्व होली 4 मार्च को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर को लेकर लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं। इससे पूर्व 2 मार्च को देर रात विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। आधी रात के बाद होलिका दहन होने और मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण इस बार होली एक दिन बाद मनाई जा रही है। होली को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शहर में जगह-जगह पिचकारी, रंग-गुलाल और अन्य सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थी। यहां खरीदारी के लिए सुबह से ही लोग पहुंच रहे हैं। शहर में रंगों का बाजार सजाये दुकानदारों का कहना है कि केमिकल युक्त रंगों के बजाय नेचुरल गुलाल की मांग अधिक है। बाजार में फूलों और भाजी से तैयार अबीर-गुलाल भी उपलब्ध है। यह अन्य गुलाल से थोड़ा महंगी जरूर है, लेकिन त्वचा व आंखों की सुरक्षा के लिहाज से उपयुक्त माना जा रहा है।



बच्चों को आकर्षित करने के लिए दुकानों में विभिन्न डिजाइन और आकार की आकर्षक पिचकारियां इस बार कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रही हैं। महंगी होने के बाद भी इन पिचकारियों की बिक्री खूब हो रही है।

## शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता शिविर संपन्न

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सरगुजा द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, डिग्मा, अंबिकापुर में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा राज्य शासन की महत्वपूर्ण नीतियों, छत्तीसगढ़ इनोवेशन एवं स्टार्टअप प्रमोशन पॉलिसी 2025-30 एवं औद्योगिक विकास नीति 2024-30 कृ के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को स्टार्टअप प्रारंभ करने की प्रक्रिया, शासन द्वारा उपलब्ध अनुदान, कर छूट, वित्तीय सहायता एवं अन्य रियायतों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस जागरूकता शिविर में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं भावी उद्यमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु आवश्यक तकनीकी एवं शासकीय सहयोग की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक अश्विनी शुक्ला एवं सहायक प्रबंधक संदीप पन्ना का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. खरे के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. रॉबिन थॉमस, निर्विकार गौतम, पीयूष राय तथा स्टार्टअप सेल प्रभारी पूजा पात्रे ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास के लिए प्रेरित किया। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर एवं नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

Since 2003
Based on CBSE Syllabus
Admission Open
Nursery to 10th
Milestones School
English Medium
Add. : Behind Central Bank Gudri Chowk, Ambikapur Mob. 9826190902
Office Time : 10 AM to 2 PM

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर